सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# तीसरे चरण की दस सीटों के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार



लखनऊ (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश की दस लोकसभा के लिए तृतीय चरण में होने वाले मतदान को लेकर रविवार की शाम छह बजे प्रचार कार्य थम जाएगा। इन सीटों पर मतदान कराने के लिए सोमवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी सम्बन्धित जिला मुख्यालयों से की जाएगी। इन सीटों के लिए मतदान मंगलवार को प्रातः सात बजे से सायं छह बजे तक होगा।

**सात को संभल, हाथरस (सु.), आगरा (सु.), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीट के लिए होगा मतदान**

तृतीय चरण के लिए उत्तर प्रदेश की जिन सीटों के लिए मतदान होना है उनमें संभल, हाथरस (सुरक्षित), आगरा (सुरक्षित), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली शामिल हैं। यह सभी दस लोकसभा क्षेत्र मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली जनपद में आते हैं। इन सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य 12 अप्रैल से 19 अप्रैल के बीच किया गया है। इन सीटों पर कुल 182 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे भरे थे जिसमें जांच के दौरान 20 अप्रैल को 78 नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गये जबकि 22 अप्रैल को नाम वापसी के दौरान 4 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया था। इसके बाद कुल 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों के लिए प्रचार कार्य रविवार की शाम छह बजे थम जाएगा। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस लोस क्षेत्रों के मतदान के लिए कुल 12339 मतदान केन्द्रों पर 20415 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। जहां पर 18914788 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 10144345 पुरुष, 8769696 महिला व 747 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव प्रचार की समाप्ति के बाद लोस क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार सम्बन्धी गतिविधियां संचालित नहीं होगी। सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों व पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक जागरण, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# 10 सीटों पर आज थमेगा चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर रविवार को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। यहां सात मई को मतदान होगा। इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे। इस दौरान चुनाव प्रचार संबंधित सभी गतिविधियों पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को निर्वाचन क्षेत्र से बाहर जाना होगा।

जिन 10 लोकसभा सीटों पर रविवार को प्रचार थमेगा उनमें संभल, हाथरस (सुरक्षित), आगरा (सुरक्षित), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली शामिल हैं। मुलायम परिवार के जो पांच सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं उनमें से तीन सदस्यों के भाग्य का फैसला इसी चरण में मतदाता करेंगे। मुलायम सिंह यादव की बहू व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से ताल ठोंक रही हैं। यहां भाजपा ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव मैदान में हैं तो फिरोजाबाद से प्रो. राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव सपा प्रत्याशी हैं। आगरा से केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल भाजपा प्रत्याशी हैं। हाथरस से भाजपा ने राजस्व राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि को मैदान में उतारा है।

वहीं भाजपा ने एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह और बरेली से पूर्व राज्यमंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार को मैदान में उतारा है। फतेहपुर सीकरी में भाजपा ने राजकुमार चाहर को टिकट दिया है तो यहां कांग्रेस से रामनाथ सिकरवार मैदान में हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन व वायरलेस सेट ले जाना प्रतिबंधित है। पीठासीन अधिकारी अपने मोबाइल फोन को साइलेंट मोड पर ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग आफिसर व पर्यवेक्षकों से बात कर सकेंगे।




07 मई को इन लोकसभा सीटों पर होगा मतदान

• मैदान में डिंपल यादव, शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव व कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह समेत 100 प्रत्याशी

## 11 राज्यों की 92 सीटों के लिए होगा मतदान

लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 11 राज्यों की 92 लोकसभा सीटों के लिए वोट पड़ेंगे, जिनमें असम की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात, कर्नाटक की 14, गोवा की दो, गुजरात की 25, मध्य प्रदेश की नौ, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, बंगाल की चार, दमन और दीव की दो सीट शामिल हैं। गुजरात की गांधीनगर सीट पर इसी चरण में मतदान होना है, जहां से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा प्रत्याशी हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# छठे दिन दाखिल हुए 73 नामांकन पत्र

**छठा चरण**

■ सोमवार को छठे चरण के नामांकन का अन्तिम दिन

लखनऊ (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव को लेकर छठे चरण की 14 सीटों के लिए शनिवार को नामांकन के छठे दिन 73 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। इन सीटों के लिए अभी तक कुल 173 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गैंसडी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर शनिवार को तीन पर्चे दाखिल किये गये। इस चरण के नामांकन के लिए सोमवार को अन्तिम दिन है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठे चरण के लिए प्रदेश की 14 सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य 29 अप्रैल से शुरू हुआ था। इन सीटों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज (सु.), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (सु.) व भदोही शामिल हैं। इसके साथ ही बलरामपुर जिले की गैंसड़ी विधानसभा का उपचुनाव भी होना है। इन सीटों के लिए शनिवार को 73 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इनमें सुल्तानपुर सीट से सपा के राम भुआल निषाद, राष्ट्रीय डेमोक्रेटिक फ्रंट के शशांक कुमार मिश्रा, विश्वबन्धुत्व पार्टी के सुधीर कुमार सिंह, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज आफ इंडिया के डा. शिव शंकर इंडियन, निर्दलीय प्रत्याशी पूनम, प्रतापगढ़ से अपना दल (कमेरावादी) के ऋषि पटेल, निर्दलीय प्रत्याशी में धनंजय, फूलचन्द्र सोनी, श्रवण कुमार त्रिपाठी ने नामांकन किया। फूलपुर से सपा के अमरनाथ सिंह, बसपा के जगन्नाथ पाल, भारत जोड़ो पार्टी के मो. नसीम हासमी, पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के मुसीर अहमद सिद्दीकी, अपना दल (कमेरावादी) की महिमा पटेल, प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा के लालाराम सरोज, राष्ट्रीय अपना दल के पंडित घनश्याम दास शास्त्री, निर्दलीय प्रत्याशियों में प्रेमचन्द्र पटेल, ऊषा, संगीता यादव ने नामांकन किया।

इलाहाबाद सीट से बसपा के रमेश, सम्यक पार्टी से शिव प्रसाद विश्वकर्मा, परिवर्तन समाज पार्टी के अशोक कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी गीतारानी शर्मा, विकास कुमार मिश्रा, अम्बेडकरनगर से बसपा के कमर हयात, राष्ट्रीय समाज दल (आर) के श्रीराम, राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी के इन्दल, श्रावस्ती से बसपा के मुईनुद्दीन अहमद खां, आम जनता पार्टी (इंडिया) के युगल किशोर, बहुजन मुक्ति पार्टी के सुजीत कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी अनिल कुमार तिवारी, डुमरियागंज से बसपा के मु. नदीम, पीस पार्टी के नौशाद आजम, अभय समाज पार्टी के नरेश, सपा के भीष्म शंकर, निर्दलीय प्रत्याशी सुनील, बस्ती से बहुजन मुक्ति पार्टी के राम करन, निर्दलीय प्रत्याशी अरुण कुमार, संतकबीरनगर से भाजपा के प्रवीण कुमार निषाद, बहुजन मुक्ति पार्टी के आनन्द कुमार गौतम, प्रगतिशील समाज पार्टी के धीरज, अलहिन्द पार्टी के अवधेश कुमार, सर्वजन आवाज पार्टी के राजेन्द्र यादव, निर्दलीय प्रत्याशियों में रमाकान्त, रामकृष्ण द्विवेदी, रविन्द्र पाण्डेय, हरीशचन्द्र, अरविन्द, अश्वनी कुमार ने नामांकन किया।

इसी तरह लालगंज से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के गंगादीन, आजाद समाज पार्टी के सुभाष, पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी के राजेश, आजमगढ़ से आजाद समाज पार्टी के दिनेश सरोज, जनता क्रांति पार्टी (राष्ट्रवादी) की रेनू, भागीदारी पार्टी (पी) के रघुनाथ, भारतीय समता समाज पार्टी के पवन कुमार सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी वीना, जौनपुर से छत्रपति शिवाजी भारतीय गरीब पार्टी के सोनू सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी की निशा पटेल, समाज परिवर्तन पार्टी के नीलम कुमार, मौलिक अधिकार पार्टी के फूलचन्द्र, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के बदरे आलम, निर्दलीय प्रत्याशी श्यामलाल, कृपाशंकर सी. पाण्डेय, मछलीशहर से सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राम मिलन, समाज परिवर्तन पार्टी की उर्मिला, भदोही से भाजपा के डा. विनोद कुमार, बसपा के हरिशंकर, भारतीय कामगार पार्टी के कृष्ण मुरारी, आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राज नारायण पटेल, रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (ए) के अखिलेश, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के सुशील ने नामांकन किया।

बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर पीस पार्टी के मोहम्मद गुलजार अहमद, निर्दलीय प्रत्याशियों में लक्ष्मण लाल व राम दुलारे ने नामांकन किया। इन सीटों के लिए प्रत्याशी 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 7 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 9 मई को नामांकन पत्र वापसी के साथ चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य किया जाएगा तथा मतदान 25 मई को होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक जागरण, लखनऊ ............ दिनांक 05 MAY 2024

# छठे चरण की 14 सीटों पर 173 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए अब तक कुल 173 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। सोमवार को इन सीटों पर नामांकन का अंतिम दिन होगा। इन सीटों पर 25 मई को मतदान होगा।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शनिवार को 73 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा और इससे पहले 100 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज (सुरक्षित), आजमगढ़, जौनपुर, भदोही, मछलीशहर (सुरक्षित) और श्रावस्ती शामिल हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० हिन्दुस्तान लखनऊ........ दिनांक 05 MAY 2024

## सार्वजनिक-निजी स्थानों से प्रचार सामग्री हटाई

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# पांचवां चरण : जांच में 148 नामांकन पत्र निरस्त

**लखनऊ (एसएनबी)।** लोस चुनाव को लेकर पांचवें चरण के लिए 14 लोकसभा सीटों से दाखिल 296 नामांकन पत्रों की जांच की गयी। जांच के दौरान विभिन्न कमियां मिलने के कारण 148 नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया। अब इन सीटों पर शेष बचे 148 प्रत्याशी 06 मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की 14 सीटों के लिए 296 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे। इनमें जांच के बाद मोहनलालगंज में दाखिल 22 नामांकन पत्रों में 10 निरस्त कर दिये गये, अब यहां पर 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह लखनऊ सीट से दाखिल 41 नामांकन पत्रों में विभिन्न कमियां बताकर 30 को निरस्त कर दिया गया, यहां अब 11 प्रत्याशी शेष बचे हैं। रायबरेली सीट से दाखिल 24 नामांकन पत्रों में 16 निरस्त किये गये, यहां 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अमेठी सीट के 31 नामांकन पत्रों में 18 निरस्त होने के बाद यहां 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जालौन में दाखिल 11 नामांकन पत्रों में जांच के दौरान 05 को निरस्त कर दिया गया, अब यहां 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। झांसी सीट से दाखिल 21 नामांकन पत्रों में 11 को निरस्त किया गया, यहां पर 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

इसी तरह हमीरपुर सीट से दाखिल 13 नामांकन पत्रों में 02 को निरस्त किया गया तथा 11 वैध पाये गये। बांदा सीट से दाखिल 24 नामांकन पत्रों में 12 निरस्त होने के साथ 12 सही पाये गये। फतेहपुर सीट के 24 नामांकन पत्रों में 09 निरस्त किये गये तथा 15 को वैध पाया गया। कौशाम्बी सीट से भरे गये 19 नामांकन पत्रों में जांच के दौरान 08 को निरस्त किया गया। अब यहां 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। बाराबंकी में दाखिल 18 नामांकन पत्रों में 05 को निरस्त किया गया तथा 13 वैध पाये गये। फैजाबाद में दाखिल 23 नामांकन पत्रों में जांच के दौरान 10 को निरस्त किया गया यहां अब 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए दाखिल 12 नामांकन पत्रों में 07 को निरस्त किया गया। इस सीट पर अब 05 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा सीट गोण्डा में दाखिल 13 नामांकन पत्रों में जांच के बाद 05 को निरस्त कर दिया गया। यहां अब 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसी तरह लखनऊ पूर्व विधानसभा के उपचुनाव को लेकर दाखिल 06 नामांकन पत्रों में जांच के दौरान दो को निरस्त किया गया। अब इस सीट पर 04 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० आज लखनऊ.... दिनांक ....05 MAY 2024....

# तृतीय चरणः 10 लोकसभा सीटों के लिये चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 07 मई को तृतीय चरण के तहत 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। तृतीय चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 05 मई को सायं 06 बजे से 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी देखेंगे कि बाहरी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहे। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे। प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 07 मई को मतदान होना है, उसमें 8-सम्भल, 16-हाथरस अजा, 18-आगरा अजा, 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-ऑवला तथा 25-बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली जनपद में आते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में हुई कार्यवाही

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# कुल 211.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अपराध ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 03 मई, 2024 तक कुल 33857.73 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3338.61 लाख रुपये नक़द धनराशि, 4815.04 लाख रुपये कीमत की शराब, 22343.31 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1167.71 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एंवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 03 मई, 2024 को कुल 211.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 26.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 47.68 लाख रुपये कीमत की 17961.07 लीटर शराब, 137.85 लाख रुपये कीमत की 89480.24 ग्राम ड्रग एवं 0.12 लाख रुपये कीमत की 06 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# अवैध शस्त्र बनाने वाले 165 केन्द्र सीज

अपराध ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

16 मार्च से 03 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4702 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,59,724 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 23,07,089 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8645 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8739 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 478 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3734 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 165 केन्द्रों को सीज किया गया।

03 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25010 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 96 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 89 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 58 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 03 केन्द्रों को सीज किया गया।

# लोस चुनाव: सीआरपीसी के तहत 23 लाख लोग पाबन्द

**लखनऊ, 04 मई (तरुणमित्र)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कर रहा है। शांति भंग की आशंका में अब तक सीआरपीसी के तहत 26,59,724 लोगों को पाबन्द किये जाने की नोटिस दी गई है।

इनमें 23,07,089 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में लगे आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसके तहत सक्रिय उड़नदस्ता, आबकारी, पुलिस टीम ने 3 मई तक 33857.73 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किया है। इसमें 3338.61 लाख रुपये नकद, 4815.04 लाख रुपये कीमत की शराब, 22343.31 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1167.71 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 3 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किया है। 4702 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसके अतिरिक्त 8645 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8739 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 478 बम बरामद कर सीज किया गया है। अवैध शस्त्र बनाने वाले 3734 केन्द्रों पर रेड डालते हुए 165 केन्द्रों को सीज की कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि तीन मई को अपराधिक व्यक्ति का एक लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25010 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 96 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 89 कारतूस व 4 बम बरामद कर सीज किये गये।

अवैध शस्त्र बनाने वाले 58 केन्द्रों पर छापेमारी करते हुए तीन केन्द्रों को सीज किया गया। वहीं, कार्रवाई के क्रम को जारी रखते हुए तीन मई को टीम ने 211.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की है। इसमें 26.20 लाख रुपये कैश, 47.68 लाख रुपये कीमत की 17961.07 लीटर शराब, 137.85 लाख रुपये कीमत की 89480.24 ग्राम ड्रग एवं 0.12 लाख रुपये कीमत की 06 अन्य सामग्री जब्त की गयी। प्रमुख जब्ती में जनपद सोनभद्र की ओबरा (अ.जा.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 76.84 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 3388 ग्राम ड्रग तथा जनपद सोनभद्र की राबर्ट्सगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 32 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 160 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमृत विचार लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# आज थम जाएगा लोस चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार

## निर्वाचन आयोग ने दिए मतदान की तैयारी संबंधी निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक रहेगी। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

### 100 प्रत्याशी मैदान में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

## सीआरपीसी के तहत 23 लाख लोग पाबन्द

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कर रहा है। शांति भंग की आशंका में अब तक सीआरपीसी के तहत 26,59,724 लोगों को पाबन्द किये जाने की नोटिस दी गई है। इनमें 23,07,089 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 03 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किया है। 4702 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसके अतिरिक्त 8645 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8739 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 478 बम बरामद कर सीज किया गया है। अवैध शस्त्र बनाने वाले 3734 केन्द्रों पर रेड डालते हुए 165 केन्द्रों को सीज की कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि तीन मई को अपराधिक व्यक्ति का एक लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25010 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 96 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 89 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# आचार संहिता उल्लंघन के 118 मामले दर्ज

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कोर्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 112 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 118 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# छठे चरण में 73 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**» नामांकन की अंतिम तारीख कल 25 को मतदान**

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 सीटों के चुनाव के लिए शनिवार को 73 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 173 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में छह मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 25 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर में पांच, प्रतापगढ़ में चार, फूलपुर में 10, इलाहाबाद में पांच, अम्बेडकरनगर में तीन, श्रावस्ती में चार, डुमरियागंज में पांच, बस्ती में दो, संतकबीरनगर में 11, लालगंज में तीन, आजमगढ़ में पांच, जौनपुर में सात, मछलीशहर (अजा) में दो व भदोही में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुल्तानपुर लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से राम भुआल निषाद व प्रतापगढ़ सीट के लिए अपना दल (कमेरावादी) से ऋषि पटेल ने नामांकन किया।

फूलपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से अमरनाथ सिंह व बहुजन समाज पार्टी से जगन्नाथ पाल ने नामांकन किया। इलाहाबाद सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से रमेश व अम्बेडकरनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कमर हयात ने नामांकन किया। श्रावस्ती सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मुईनुद्दीन अहमद खां ने नामांकन किया।

डुमरियागंज सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद नदीम, पीस पार्टी से नौशाद आजम व समाजवादी पार्टी से भीष्म शंकर ने नामांकन किया।

संतकबीरनगर सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से प्रवीण कुमार निषाद ने नामांकन किया। लालगंज (अजा) सीट के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से गंगादीन ने नामांकन किया।

आजमगढ़ सीट के लिए आजाद समाज पार्टी से दिनेश सरोज ने नामांकन किया। भदोही सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से डॉ. विनोद कुमार, बहुजन समाज पार्टी से हरिशंकर व ऑल इंडिया तृणमूल काँग्रेस से ललितेश पति त्रिपाठी ने नामांकन किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० आई नेक्स्ट लखनऊ.... दिनांक 05 MAY 2024

# थर्ड फेजः 10 सीटों पर रुकावट नहीं बनेगा पोलिंग

# आज थमेगा चुनाव प्रचार

**सात मई को इन लोकसभा सीटों पर होगा मतदान**

**LUCKNOW (4 MAY):** तीसरे चरण की लोकसभा सीटों पर रविवार को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा. यहां सात मई को मतदान होगा. इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे. इस दौरान चुनाव प्रचार संबंधित सभी गतिविधियों पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा. सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को निर्वाचन क्षेत्र से बाहर जाना होगा.

## मैनपुरी से डिंपल यादव

जिन 10 लोकसभा सीटों पर रविवार को प्रचार थमेगा उनमें संभल, हाथरस (सुरक्षित), आगरा (सुरक्षित), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली शामिल हैं. मुलायम परिवार के जो पांच सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं उनमें से तीन सदस्यों के भाग्य का फैसला इसी चरण में मतदाता करेंगे. मुलायम सिंह यादव की बहू व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से ताल ठोंक रही हैं. यहां भारतीय जनता पार्टी ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है. इस चरण में कई ऐसी सीटें हैं, जिन पर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी पूरी रणनीति के साथ मौदान में उतरी हैं.कुछ सीटों पर कांटे का मुकाबला होने की उम्मीद है.



## बदायूं से आदित्य मैदान में

वहीं, बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव मैदान में हैं तो फिरोजाबाद से प्रो. राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव सपा प्रत्याशी हैं. आगरा से केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल भाजपा प्रत्याशी हैं. हाथरस से भाजपा ने राजस्व राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि को मैदान में उतारा है. वहीं, भाजपा ने एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह और बरेली से पूर्व राज्यमंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार को मैदान में उतारा है. फतेहपुर सीकरी में भाजपा के राजकुमार तो यहां कांग्रेस से रामनाथ सिकरवार मैदान में हैं.





## बूथ के अंदर मोबाइल बैन

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन व वायरलेस सेट ले जाना प्रतिबंधित है. पीठासीन अधिकारी अपने मोबाइल फोन को साइलेंट मोड पर ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग आफिसर व पर्यवेक्षकों से बात कर सकेंगे.

# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से

## अब तक कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में हुई कार्यवाही**

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 तथा निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 112 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 118 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# 10 लोकसभा सीटों के लिए आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन

लखनऊ ( डीएनएन )। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आगामी सात मई को तृतीय चरण के तहत 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। तृतीय चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात रविवार को शाम 6 बजे से सभी 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहे। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। बताया कि प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 7 मई को मतदान होना है, उसमें सम्भल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला तथा बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

समाचार पत्र का नाम दै० जन संदेश टाइम्स, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए 7 मई को होगा मतदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 7 मई को तृतीय चरण के तहत 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। तृतीय चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 5 मई को सायं 6 बजे से सभी 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए 05 मई को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन**

प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहे। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 7 मई को मतदान होना है, उसमें 8-सम्भल, 16-हाथरस (अ0जा0), 18-आगरा (अ0जा0), 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-ऑवला तथा 25-बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली जनपद में आते हैं।

# बारकोड से चुनाव सटीक व सुरक्षित

हि विशेष

■ प्रभात कुमार

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोगों के भरोसे को मजबूत करने के लिए बारकोड के इस्तेमाल की संभावना तलाशने को कहा है। वीवीपैट पर्चियों की गिनती मशीन से करने की बात भी कही है। हालांकि अमेरिका सहित कुछ चुनिंदा देशों में ही चुनाव में बारकोड का इस्तेमाल हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज 100 फीसदी मतों को वीवीपैट पर्चियों से मिलान करने की मांग को भले ही खारिज कर दिया हो, लेकिन फैसले में भविष्य में इसमें सुधार की संभावना तलाशने को कहा है।



■ अमेरिका समेत चुनिंदा देशों में ही किया जा रहा बारकोड का इस्तेमाल

अदालत ने निर्वाचन आयोग को याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पॉल के उस सुझाव के मद्देनजर यह निर्देश दिया था, जिसमें वीवीपैट पर्चियों को हाथों से गिनने की बजाय, मशीन से गिनने का सुझाव दिया।

## परिणाम गलत होने की संभावना नहीं के बराबर

नेशनल एसोसिएशन ऑफ सेक्रेटरीज ऑफ स्टेट द्वारा अमेरिकी इलेक्शन को लेकर जारी स्वेत पत्र 'इलेक्शन सिस्टम एंड सॉफ्टवेयर' में चुनाव में बारकोड के इस्तेमाल को सबसे सुरक्षित और सटीक बताया गया है। परिणाम में सटीकता के लिए बारकोड तकनीक का उपयोग सबसे ठोस तर्कों में से एक है। गलत होने की संभावना नहीं के बराबर है।

# 23 देशों के 75 विशेषज्ञ चुनाव देखने आए भारत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दुनिया के 23 देश के चुनाव प्रबंधन से जुड़े 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुक भारत में हो रहे आम चुनाव को देखने के लिए आए हैं। भारतीय चुनाव आयोग ने इन्हें चुनावी विश्वनीयता और पारदर्शिता की मिसाल लोकसभा चुनाव को देखने के लिए आमंत्रित किया था। चुनाव आयोग वैश्विक चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत में लोकतांत्रिक उत्कृष्टता को प्रथमदृष्टया देखने की पेशकश करते हुए देश में उच्चतम मानकों के साथ आम चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है। आयोग चल रहे लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

आयोग के अनुसार भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में यह ऐसा पहला आयोजन होगा जिसमें 23 देशों अर्थात् भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया से विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान तथा इस्राइल की मीडिया टीमें भी भाग लेंगी।




**भारत का लोकसभा चुनाव**

- **चुनाव आयोग ने इन्हें चुनावी विश्वनीयता और पारदर्शिता की मिसाल लोकसभा चुनाव को देखने के लिए आमंत्रित किया था**
- **आयोग इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा**

4 मई से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक प्रबंधन निकायों को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डा. सुखबीर सिंह संधू 5 मई 2024 को इन विदेशी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद ये प्रतिनिधि छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों-महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर निकलेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यह कार्यक्रम 9 मई 2024 को समाप्त होगा।

# चुनाव आयोग ने

## मतदान बढ़ाने को लगाई ताकत

■ विनोद श्रीवास्तव

नई दिल्ली। एसएनबी

लोकसभा चुनाव मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने पूरी ताकत लगा दी है। अगले चरणों के चुनाव में मतदान को लेकर चुनाव आयोग की अग्नि-परीक्षा है। इसके लिए आयोग ने पहले और दूसरे चरण से बेहतर मतदान कराने पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है।

इसके लिए आयोग हर स्तर पर जागरूकता और प्रचार अभियान को व्यापक किया जा रहा है। इस लक्षित कार्य के लिए चुनाव आयोग को विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संस्थाओं व संगठनों ने सहयोग किया है। मतदाताओं को वोट के लिए अपील करने में मशहूर हस्तियों ने जबरदस्त समर्थन किया है।

दरअसल वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से बेहतर मतदान की उम्मीद लगाए बैठे चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में उतना मतदान प्रतिशत नहीं मिला। इन दोनों चरणों में मतदान में मामूली गिरावट आई है। पहले चरण में 66.14 और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ। लिहाजा तीसरे चरण और अन्य अगले चरणों के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए आयोग ने अपना ध्यान केन्द्रित कर दिया है।



- जागरूकता और प्रचार अभियान को बनाया व्यापक
- तीसरे चरण में आयोग के अभियान की अग्नि परीक्षा

चुनाव आयोग की मतदान बढ़ाने की महत्वपूर्ण पहल को पंख लगाने के लिए प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों द्वारा निशुल्क सहयोग लिया गया है। गत एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है।

आयोग दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरीय शहरों में मतदान प्रतिशत के स्तर से निराश है, जो कि भारत के उच्च तकनीक वाले शहरों में अत्यधिक उदासीनता का सूचक है। उत्तरी क्षेत्र के शहरों ने कोई बेहतर प्रदर्शन नहीं किया है। आयोग ने पिछले महीने दिल्ली में कई महानगरों के आयुक्तों को इकट्ठा किया था, ताकि शहरी उदासीनता के विरुद्ध रणनीति को लेकर इस दिशा में प्रभावी तौर पर काम किया जा सके। एक विशेष कार्य योजना शुरू की गई है। उम्मीद है कि अगले चरणों में शहरी मतदान केंद्र में मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि काफी बढ़ेगी। आयोग संबंधित नगरों के प्रशासन के साथ लगातार संपर्क बनाए रखेगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# 21 per cent candidates in 4th phase of LS polls have criminal cases: ADR

**PIONEER NEWS SERVICE ■**
NEW DELHI

Out of the 1,710 candidates contesting in the fourth phase of the Lok Sabha polls, 21 per cent have declared criminal cases against themselves and 24 candidates have declared zero assets, as per the Association for Democratic Reforms(ADR) report.

The ADR and The National Election Watch analysed the self-sworn affidavits of 1,710 out of 1,717 candidates, who are contesting in the Lok Sabha elections 2024 Phase IV on May 13.

A total of 360 candidates have declared criminal cases against them. Emphasising the disparities amongst the financial backgrounds of the candidates with the richest candidate in the fray is Dr Chandra Sekhar Pemmasani of Telugu Desam Party with assets over Rs. 5,700 crore.

Among the 360 candidates (21 per cent) with criminal cases, 17 candidates were convicted, 11 declared cases related to murder, 30 face charges of attempted murder and 50 candidates have criminal cases related to crimes against women, with 5 candidates facing charges of rape, the data showed.

The ADR findings also shed light on the distribution of candidates with criminal backgrounds across major political parties.




Among the major parties, 3 out of 3 candidates from AIMIM, 2 out of 3 candidates from Shiv Sena, 10 out of 17 candidates from BRS, 35 out of 61 candidates from Congress, 40 out of 70 candidates from BJP, 9 out of 17 candidates from TDP, 2 out of 4 candidates from BJD, 2 out of 4 candidates from RJD, 2 out of 4 candidates from Shiv Sena (Uddhav Balasaheb Thackeray), 12 out of 25 candidates from YSRCP, 3 out of 8 candidates from All India Trinamool Congress and 7 out of 19 candidates from Samajwadi Party have declared criminal cases against themselves.

In addition to criminal disclosures, the ADR report also highlights significant diversity amongst the candidates' financial backgrounds.

A total of 476 candidates out of 1710 are "crorepatis", with assets exceeding Rs. 1 crore, with Dr Pemmasani being the richest. While, 24 candidates declared zero assets, the report showed.

In response to these findings, the ADR has proposed a series of reforms aimed at curbing the criminalization of politics.

These include permanent disqualification of candidates convicted of serious crimes, bringing political parties under the Right to Information Act, and implementing stricter penalties for candidates providing false information on election affidavits.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ दिनांक 0 5 MAY 2024

# At 11%, UP tops 2024 list of JEE (Advanced) candidates

## 54% Of Aspirants From 6 States, Data Of JEE(M) Qualifiers Shows

Manash.Gohain
@timesgroup.com

**New Delhi:** Eleven per cent of candidates appearing for Joint Entrance Examination-Advanced (JEE-Advanced) 2024 — the gateway to 23 Indian Institutes of technology (IITs) — will be from Uttar Pradesh.

An analysis of JEE (Main) qualification data also revealed that of the 2.5 lakh candidates who qualified to take the IIT entrance, more than 54% are from just six states and nearly 73% from 10 states.

Moreover, though over 75% of the registered candidates opted to take both (Jan and April) sessions of the JEE (Main), which is also an entrance test for centrally funded technical institutions and others, just around 28% of them managed to improve their results in the second sitting.

JEE (Advanced) is considered one of the toughest competitive exams in India, where aspirants must first qualify among the top 2.5 lakh in the JEE (Main) and then compete for 17,000 odd seats in IITs.

Uttar Pradesh (28,300+), Maharashtra (24,500+) and Telangana (24,100+) not only continue to dominate the results, these top three states also account for more than one-third (30.7%) of the total candidates eligible for JEE (Advanced).

There are 11 states which have more than 11,000 eligible candidates, which is close to 79% of the total candidates to have qualified.

There are five states with over 21,000 candidates, which include Andhra Pradesh and Rajasthan as well.

A total of 14.1 lakh candidates registered for JEE (Main) this year of which over 75% appeared in both the sessions of the exam, registering a high 96% attendance.

The last date for JEE (Advanced) registration is May 7 and the test will be delivered on May 26, 2024.

### PROGRESS REPORT

| State with over 10k qualification | Eligible for JEE (Advanced) | In % |
|---|---|---|
| Uttar Pradesh | 28,373 | 11.3 |
| Maharashtra | 24,596 | 9.8 |
| Telangana | 24,121 | 9.6 |
| Andhra Pradesh | 21,844 | 8.7 |
| Rajasthan | 21,154 | 8.5 |
| Karnataka | 16,443 | 6.6 |
| Bihar | 13,588 | 5.4 |
| Tamil Nadu | 12,251 | 4.9 |
| Delhi | 12,101 | 4.8 |
| Gujarat | 11,744 | 4.7 |
| Madhya Pradesh | 11,188 | 4.5 |
| Total | 2,50,267 | |

**3,89,323** No. of candidates who appeared in Jan and improved their score in April

**No. of Candidates who scored** Jan and April

| Score | Candidates |
|---|---|
| 90% & above | 76,200 |
| 95% & above | 36,472 |
| 98% & above | 13,818 |

No. of female Candidates who scored 95% & above: 14,909

No. of male candidates who scored 95% & above: 61,796

**Eligible for JEE (Advanced) in %**



समाचार पत्र का नाम जनसत्ता, लखनऊ ........ दिनांक 05 MAY 2024

# चौथे चरण में 21 फीसद उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 4 मई।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए मैदान में उतरे 1,710 उम्मीदवारों में से 21 फीसद के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। 'एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' (एडीआर) की रपट में यह जानकारी सामने आई है।

एडीआर और 'द नेशनल इलेक्शन वाच' ने चौथे चरण में कुल 1,717 उम्मीदवारों में से 1,710 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम जनसत्ता, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# लोकसभा चुनाव : तीसरे चरण के लिए आज थमेगा चुनाव प्रचार, सात मई को मतदान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 मई।

लोकसभा चुनाव-2024 के तीसरे चरण के लिए रविवार शाम को चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा।

इसके बाद अब विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में आम जनता से सीधे मुखातिब होंगे यानी वो केवल घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। तीसरे चरण के लिए सात मई को मतदान होगा। इसमें 12 राज्यों की 94 सीटें शामिल हैं। बारह राज्यों

**बारह राज्यों की 94 सीटों पर होगा मतदान। इनमें असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर और दादर-नगर हवेली शामिल।**

में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर और दादर-नगर हवेली शामिल हैं। मालूम है कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने पिछले मार्च महीने में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसमें बताया था कि इस बार देश में कुल सात चरणों में मतदान होगा। इसकी शुरुआत 19 अप्रैल को हुई और समापन एक जून को होगा। इसके बाद चार जून को मतगणना के साथ परिणाम जारी किया जाएगा।

अब तक लोकसभा चुनाव से जुड़े हुए दो चरण पूरे हो चुके हैं। इनमें पहले चरण के लिए 19 अप्रैल और दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। अब तीसरे चरण के लिए सात मई को मतदान होगा।

# लोस चुनाव प्रक्रिया के साक्षी बनेंगे 23 देशों के 75 प्रतिनिधि

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 मई।

भारत में हो रहे लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आस्ट्रेलिया, रूस, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 75 प्रतिनिधि यहां पहुंचे हैं। भारतीय चुनाव प्रणाली की बारीकियों को समझने के लिए ये विदेशी प्रतिनिधि छह राज्यों का दौरा करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से शुरू किए गए इस विशेष कार्यक्रम का मकसद विदेशी प्रतिनिधियों को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणाली से अवगत कराना है।

निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि भागीदारी और परिणाम के पैमाने पर यह पहला ऐसा आयोजन होगा, जिसमें 23 देशों के 75 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व सुखबीर सिंह संधू रविवार को इन विदेशी प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। चुनावी तैयारियों की जानकारी हासिल करने के लिए ये प्रतिनिधि महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वे वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और उससे जुड़ी अन्य तैयारियों का जायजा लेंगे।

> भारतीय चुनाव प्रणाली की बारीकियों को समझने के लिए विदेशी प्रतिनिधि छह राज्यों का दौरा करेंगे। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों का हिस्सा है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, आस्ट्रेलिया, रूस, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मंगोलिया, मालदीव, फिलीपींस, कंबोडिया, फिजी, मेडागास्कर, किर्गिस्तान, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, जिम्बाब्वे, कजाकिस्तान, जार्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा इंटरनेशनल फाउंडेशन फार इलेक्टोरल सिस्टम्स के सदस्य और भूटान व इजराइल की मीडिया के दल भी इस कार्यक्रम में शामिल हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# तीसरे चरण का आज थमेगा प्रचार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर रविवार पांच मई की शाम को चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा। यह सीटें हैं-सम्भल, हाथरस सु., फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली। इन 10 सीटों में से दो सीटों पर प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों, चार सीटों पर भाजपा के मौजूदा सांसदों और तीन सीटों पर सपा मुखिया के परिवार के तीन सदस्यों की अग्निपरीक्षा होगी।

इन 10 सीटों पर इस बार चुनाव लड़ने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में प्रदेश सरकार के दो मंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव भी हैं। प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों में हाथरस सु.सीट से राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि और मैनपुरी से पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह हैं जबकि डिम्पल यादव मैनपुरी से सपा की उम्मीदवार हैं। इनके अलावा सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव फिरोजाबाद से सपा के प्रत्याशी हैं। सम्भल सीट से सपा के पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेता शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क बतौर सपा उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। सपा के ही वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव बदायूं से उम्मीदवार हैं।

## 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों का परिणाम

| लोकसभा सीट | जीते | दल | हार | दल |
|---|---|---|---|---|
| सम्भल | डा.शफीकुर्रहमान बर्क | सपा | परमेश्वर लाल सैनी | भाजपा |
| हाथरस सु. | राजवीर दिलेर | भाजपा | रामजीलाल सुमन | सपा |
| आगरा सु. | एस.पी.सिंह बघेल | भाजपा | मनोज कुमार सोनी | बसपा |
| फतेहपुर सीकरी | राजकुमार चाहर | भाजपा | राज बब्बर | कांग्रेस |
| फिरोजाबाद | डा.चन्द्रसेन जादोन | भाजपा | अक्षय यादव | सपा |
| मैनपुरी | मुलायम सिंह यादव | सपा | प्रेम सिंह शाक्य | भाजपा |
| एटा | राजवीर सिंह | भाजपा | कु.देवेन्द्र सिंह यादव | सपा |
| बदायूं | डा.संघमित्रा मौर्या | भाजपा | धर्मेन्द्र यादव | सपा |
| आंवला | धर्मेन्द्र कश्यप | भाजपा | रुचिवीरा | बसपा |
| बरेली | संतोष गंगवार | भाजपा | भगवत सरन गंगवार | सपा |

## वोटरों के लिए फॉर्म 6, 6-ए, 8, 8-ए क्या है?

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए फॉर्म 6, 6-ए, 8, 8-ए का प्रावधान किया है। साल 2024 के एक जनवरी तक जिन मतदाताओं की उम्र 18 वर्ष की हो गई है, ऐसे लोगों को फॉर्म 6 भरना होगा। वहीं भारतीय मूल के विदेशों में रहने वाले उन लोगों को फॉर्म 6-ए भरना होगा जो चुनाव में हिस्सा लेना चाहते हैं। जिन लोगों को वोटर कार्ड पर कोई बदलाव और सुधार करना हो उन्हें फॉर्म 8 भरना होगा। यदि मतदाता ने अपने संसदीय क्षेत्र में अपना ठिकाना एक जगह से दूसरे स्थान पर बदल लिया है तो उसमें बदलाव के लिए उसे फॉर्म 8-ए ऑनलाइन भरना होगा।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम दै0 दैनिक जागरण, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# स्क्रूटनी में मोहनलालगंज लोस सीट के 10 नामांकन खारिज

जागरण संवाददाता • लखनऊ : मोहनलालगंज लोकसभा सीट के लिए दाखिल हुए 22 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद केवल 12 पर्चे ही सही पाए गए हैं। जांच के बाद दस नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया। रिटर्निंग आफीसर सौरभ जैन ने मोहनलालगंज लोकसभा सीट के नामांकन पत्रों की जांच की तो कई प्रत्याशियों के फार्म अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण पाए गए। कई प्रत्याशियों का तो पूरा फार्म ही नहीं भरा पाया गया।

- 22 नामांकन पत्रों में से केवल 12 ही सही पाए गए
- लखनऊ लोकसभा सीट के नामांकन पत्रों की जांच जारी

वहीं, लखनऊ लोकसभा सीट के लिए दाखिल 41 नामांकन पत्रों की जांच जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के मुताबिक लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा का नामांकन पत्र सही पाया गया है। शेष नामांकन पत्रों की जांच जारी है। छह मई तक नाम वापस लिया जा सकता है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी की ओर से रविदास मेहरोत्रा के अलावा डा. आशुतोष वर्मा ने भी वैकल्पिक प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया था। अब जबकि रविदास मेहरोत्रा का नामांकन सही पाया गया है तो वह ही सपा के प्रत्याशी होंगे।

## पूर्वी विस सीट के लिए उपचुनाव में दो पर्चे खारिज

लोकसभा के साथ ही पूर्वी विस सीट के लिए उपचुनाव में कुल छह प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए थे, जिसमें से दो खारिज कर दिए गए हैं। रिटर्निंग आफीसर सचिन वर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र अपूर्ण मिलने पर पर्चे खारिज किए गए। अब केवल चार प्रत्याशी ही शेष हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 0 5 MAY 2024

# लखनऊ लोस से 30 नामांकन निरस्त

**लखनऊ (एसएनबी)**। लोकसभा चुनाव में इस बार लखनऊ सीट से 11 प्रत्याशी मैदान में होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार की स्क्रीनिंग कमिटी ने जांच के बाद शनिवार को 30 नामांकन खारिज कर दिए। इनमें किसी प्रत्याशी ने अपना ब्योरा पूरा नहीं दिया था तो किसी के फॉर्म में प्रस्तावक की जानकारी अधूरी थी। दोपहर तीन बजे से शुरू हुई स्क्रूटनी देर रात पूरी हो सकी। इसके बाद असल उम्मीदवारों के नाम पर ऑब्जर्वर की मोहर लगी।



राजधानी की दो लोकसभा सीटों पर भाग्य आजमाने के लिए इस बार 63 लोगों ने नामांकन किया था। इनमें लखनऊ सीट के लिए 41 और मोहनलालगंज सीट पर 22 लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। आवेदकों के फॉर्म गलत न होने पाए, इसीलिए करीब छह दिन तक नामांकन करने का समय दिया गया था। जिनको अपना नामांकन फॉर्म गलत भरे जाने की जानकारी मिली, उनमें से कई ने दूसरे फॉर्म भी भरे थे। एक प्रत्याशी को चार फॉर्म भरने की इजाजत थी।

आज परीक्षण के दौरान सबसे पहले 173 लखनऊ पूर्व विधान सभा का परीक्षण पूरा हुआ। आरओ सचिन वर्मा ने बताया कि लखनऊ पूर्व उपविधान सभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने वाले आवेदकों के नामांकन प्रपत्रों की जांच व स्क्रूटनी की गयी। इसके बाद पाया गया कि 6 नामांकन में से दो नामांकन पत्र खारिज किये गये और चार नामांकन ही सहीं पाये गये। अब जिस किसी प्रत्याशी को अपना नाम वापस लेना है वह 6 मई को तीन बजे तक नाम वापस ले सकता है। इसके बाद मोहनलालगंज सुरक्षित लोक सभा सीट पर नामांकन पत्रों की जांच की गयी, जिसमें आरओ अजय जैन ने बताया कि 22 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे, जिसमें से 12 नामांकन पत्र सही पाये गये। अब यहां 10 प्रत्याशी ही रह गये हैं। 6 मई को नाम वापसी है। इसके बाद तय होगा कि कितने प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

**नाम वापसी से पहले बचे 11 प्रत्याशी**

**मोहनलालगंज से 10 पर्चे खारिज, अब 12 प्रत्याशी**

**लखनऊ पूर्व विधान सभा से दो पर्चे खारिज**

सबसे अंत में लखनऊ सदर लोक सभा सीट पर जांच व स्क्रूटनी की गयी। बीजेपी से राजनाथ सिंह के चुनाव लड़ने के कारण यह सीट का वैश्विक महत्व है। इस सीट पर कुल 41 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे। आयोग के अनुसार तमाम कमियों के कारण 30 पर्चे निरस्त कर दिये गये। अब लखनऊ सदर से 11 प्रत्याशी ही मैदान में है। अभी नाम वापसी सोमवार को है। इसके बाद प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो सकेगी।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक ......05 MAY 2024

## लाखों की शराब, ड्रग्स व नकदी बरामद

लखनऊ। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा शुक्रवार तीन मई को कुल 211.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 26.20 लाख रुपये नकद धनराशि, 47.68 लाख रुपये कीमत की 17961.07 लीटर शराब, 137.85 लाख रुपये कीमत की 89480.24 ग्राम ड्रग्स बरामद की गई है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

## सिर पर भूसा लिए चुनाव लड़ने की अनुमति मांगने डीएम कार्यालय पहुंचा किसान

**जासं, बलिया :** कलेक्ट्रेट में शनिवार को एक किसान सिर पर भूसा लादे लोकसभा चुनाव लड़ने की अनुमति मांगने डीएम कार्यालय पहुंच गया। उसके हाथ में लाठी थी और सिर पर भूसे की बोरी। अनाज की एक छोटी गठरी भी थी। किसान को देखकर अधिकारी चौंके। बलिया के सुखपुरा क्षेत्र के पठखौली निवासी किसान नवीन कुमार राय उर्फ चुन्ना राय ने डीएम कार्यालय पहुंचकर कहा कि मुझे चुनाव लड़ना है। लोकसभा उम्मीदवार होने के लिए जो जमानत राशि होती है, उसी मूल्य का भूसा और अनाज निर्वाचन अधिकारी रख लें। मैं जमानत राशि नकद नहीं दे सकता। हालांकि उसकी मुलाकात जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम रवींद्र कुमार से नहीं हो सकी।

## बिना अनुमति के दौड़ा करण भूषण सिंह का काफिला, अब होगी कार्रवाई

**गोंडा।** बेलसर बाजार में शनिवार को कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे व भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में मल्टी शॉट क्रैकर फोड़े गए। वहीं, बिना अनुमति के ही कैसरगंज क्षेत्र के तरबगंज, बेलसर बाजार समेत अन्य इलाकों में दिनभर काफिला दौड़ता रहा। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर प्रशासन ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सीओ की जांच में भीड़भाड़ वाले स्थान पर मल्टीशॉट पटाखे फोड़ने की पुष्टि हुई है। मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति के लोगों ने बताया कि शनिवार को गोंडा के धानेपुर के एसके मैरिज हॉल में भाजपा के कार्यक्रम के लिए अनुमति ली गई है। लेकिन कैसरगंज से किसी प्रत्याशी की ओर से कोई अनुमति नहीं ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आचार संहिता उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। (संवाद)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

## लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट उपचुनाव

### भाजपाः ठाकुर, पर्वतीय और ब्राह्मण पर नजर

भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के प्रस्तावक बीजेपी महानगर महामंत्री त्रिलोक अधिकारी और पार्षद अरुण तिवारी थे। त्रिलोक अधिकारी ठाकुर होने के साथ पर्वतीय समाज से भी जुड़े हैं। वहीं, अरुण तिवारी के जरिए ब्राह्मण मतदाताओं को साथ लाने की कोशिश है।



पूर्व विधायक आचार्य रामलाल और अनूप मिश्रा प्रस्तावक रहे। आचार्य रामलाल के जरिए दलित वोट में सेंध लगाने का प्रयास है तो अनूप मिश्रा को प्रस्तावक बनाकर ब्राह्मण वोट बैंक पर भी निशाना साधा है। अनूप मिश्रा पार्षद के चुनाव में भी हमेशा मुकेश चौहान के प्रस्तावक रहे हैं। वह उन्हें अपने हर चुनाव के लिए भाग्यशाली मानते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम: दै० दैनिक जागरण, लखनऊ  दिनांक: 05 MAY 2024

# आचार संहिता

आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही कार्रवाई के परिणाम लगातार चौंका रहे हैं। अभी तक आयोग ने प्रदेश में नकदी सहित जो जब्ती की है, वह लगभग पांच सौ करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। अकेले 336.78 करोड़ रुपये मूल्य के तो मादक पदार्थों और शराब की बरामदगी ही की गई है, जो अचरज में डालने वाली है। 33.46 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की जा चुकी है। चुनाव आयोग प्रदेश की सीमाओं पर 464 व प्रदेश के भीतर 1,799 नाके लगाकर वाहनों की जांच कर रहा है। यह बरामदगी इसी का परिणाम है। यह तब है जबकि मतदान के दो ही चरण निपटे हैं और अभी आधे से अधिक चुनाव शेष है। कार्रवाई सिर्फ मादक पदार्थों और नकदी की जब्ती तक ही सीमित नहीं है। बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्रों और शस्त्र फैक्ट्रियों को भी पकड़ा गया है। आचार संहिता के उल्लंघन में 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गए हैं। पकड़े गए अवैध शस्त्रों की सीमा कहीं अधिक है।

> पता लगाया जाना चाहिए कि आचार संहिता का उल्लंघन कर किस दल अथवा प्रत्याशी के पक्ष में अनुचित साधनों के प्रयोग का उपक्रम किया जा रहा था।

चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है और इस उत्सव को दूषित करने वाली किसी मानसिकता को स्वस्थ नहीं कहा जा सकता। चुनाव में जिस तरह अनुचित साधनों के प्रयोग के संकेतक मिल रहे हैं, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए विषाणु की तरह हैं। बरामदगी दर्शाती है कि अनुचित साधनों का प्रयोग बीमारी नहीं, अब महामारी का रूप धारण कर रहा है। दवा के बजाय अब टीके से ही इसका उपचार संभव है। जो लोग इसके पीछे हैं, उनके साथ तो कतई नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। बेहतर होगा कि गहराई में जाकर यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि किस दल अथवा प्रत्याशी के पक्ष में इन अनुचित साधनों के प्रयोग का उपक्रम किया जा रहा था और फिर उनके विरुद्ध सख्त विधिक प्रक्रिया शुरू की जाए। चुनाव की शुचिता किसी भी कीमत पर स्थापित रहनी चाहिए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

{ BARABANKI }

# In the land of progressive farmers, key contestants in race to be first-time MP

Gaurav Saigal
Gaurav.saigal@htlive.com

POLL WATCH

**LUCKNOW:** Two key contestants are vying to change their political profile by becoming MP for the first time in the Barabanki reserved Lok Sabha constituency, the land of the Ghaghra where progressive farmers are changing the crop pattern from the traditional opium to mentha and indigo for a financial uptick.

Bharatiya Janata Party candidate Raj Rani Rawat is the former MLA from Kursi (2002) in Barabanki. She entered the fray for the 2024 Lok Sabha poll after a controversial video allegedly linked with the former candidate Upendra Singh Rawat went viral.

Pitted against her is Congress candidate Tanuj Punia, an engineer by qualification who also plans to take forward the legacy of his father, the former bureaucrat and ex-MP Barabanki (2009) PL Punia. Tanuj is supported by the Samajwadi Party, which is in alliance with the Congress.

Barabanki goes to polls on May 20. The Bahujan Samaj Party won the seat in 2004, the Congress in 2009 and the BJP twice in succession in 2014 and 2019.

Raj Rani Rawat's political career started in 1995 as a block development council member (Nindoora-I). She to contested the 1996 state assembly election as a BJP candidate but lost to the Samajwadi Party's Hardev Rawat. She became BDC member in 2000 and is currently president of the Barabanki zila panchayat.

Tanuj first contested the state assembly election in 2017 from Zaidpur (Barabanki) and polled over 81,000 votes but lost. He was a candidate again in the 2022 assembly polls but finished

continued on →15

**BARABANKI CONTEST**

Total 23,29,417 voters
Approx 95,000 new voters
Approx 28,000 voters between 18 and 20 years of age
Approx 12 lakh voters between 20 and 39 years of age

**2024 CANDIDATES**

Raj Rani Rawat (BJP) — Tanuj Punia (Congress)

**PAST WINNERS**

| | |
|---|---|
| 2019 Upendra Singh Rawat | BJP |
| 2014 Priyanka Rawat | BJP |
| 2009 PL Punia | Congress |

**BARABANKI**

third.

Earlier, in the 2019 Lok Sabha elections, Tanuj Punia got the Congress ticket for the Barabanki Lok Sabha seat but could not win against BJP candidate Upendra Singh Rawat. Tanuj is trying his electoral luck for the fourth time now and seeking to become a member of the Lok Sabha.

Barabanki was once known for growing opium, a medicinal herb containing many alkaloids used as an analgesic, anti-tussive and anti-spasmodic in modern medicine.

Over the years, farming here has undergone a sea change. Cultivators have adopted cash crops such as mentha that is used in the food, perfume and medicine sectors for its anti-obesity and anti-inflamatory properties.

Another cash crop indigo, used as a natural dye, is now making inroads in the Barabanki fields.

Barabanki Lok Sabha constituency has a total 23,29,417 voters, including 95,000 new/first-

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# SP Lucknow candidate's papers accepted, backup candidate's rejected

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The nomination papers of Ravidas Mehrotra, Samajwadi Party candidate supported by INDIA bloc from Lucknow Lok Sabha, have been accepted by the district election office on Monday after scrutiny.

However, the nomination papers of SP national spokesperson Ashutosh Verma, who filed as a backup candidate for Ravidas, were rejected. He filed nomination papers on the directions of SP president Akhilesh Yadav amid apprehension that Ravidas's paper might get rejected due to some issues.

Nomination papers of 20 out of 41 candidates, including BJP's Rajnath Singh and BSP's Sarwar Malik, were accepted for the Lucknow Lok Sabha seat. In Mohanlalganj, nomination papers of 12 candidates out of 22 were accepted after scrutiny. Notable candidates found eligible include Kaushal Kishore (BJP), RK Chaudhary (SP) and Rajesh Kumar (BSP).

Nominations papers of four out of six candidates, who filed for the Lucknow East assembly by-election, were accepted. These candidates include OP Srivastava (BJP), Mukesh Singh Chauhan (INDIA Bloc) and Alok Kushwaha (BSP).

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# Voter turnout: Will Lko soar or falter again?

The dist administration is pulling out all stops to push Lucknow voters to breach the never-achieved 60% polling mark, fearing it might dip again amid rising temperatures, and an extended weekend on the polling day



**Anupam Srivastava**
anupam.srivastava@htlive.com

**FACTFILE**

- In 2019, Lucknow recorded a 54.72% voter turnout, which was around 4.49% less than the state average of 59.21%.
- The 2019 voter turnout was slightly higher than in 2014, when only 53.02% of voters chose to vote.
- In the 2004 Lok Sabha polls, the voter turnout was a meagre 35.28%, while in 2009 it was 37.49%.

**LUCKNOW:** As the polling date draws near, the district administration has vigorously initiated several voter turnout campaigns in collaboration with diverse sections of society. The pace of these campaigns is intense because the state capital had the lowest voter turnout across all 80 constituencies of the state in the previous general elections. In 2019, Lucknow recorded a 54.72% vote, which was around 4.49% less than the state average of 59.21%.

However, the 2019 voter turnout was slightly higher than in 2014, when only 53.02% of voters chose to vote. But when comparing the numbers from 2014 and 2019 to elections in the decade before that, the voter turnout shows an encouraging increase. In the 2004 Lok Sabha polls, the voter turnout was a meagre 35.28%, while in 2009 it was 37.49%. Undoubtedly, between 2004 and 2014, Lucknow's voter turnout has shifted from being less than 40% to well above 50%.

The voters responded to the big-ticket political fervour of 2014, when anti-incumbency against the then UPA-2 government was at its peak, and BJP's promise of 'Ache Din' was resonating. Similarly, in 2019, nationalism was a driving force after India conducted a surgical strike on Pakistan following the Pulwama terror attack.

Professor Manuka Khanna, head of the department of political science, Lucknow University said nationalism or other significant events that captured the people's general imagination surely impacted voter turnout. This trend had been well observed from India's first general election in 1951 to the recent past, she said.

The inaugural 1951 election had a relatively moderate voter turnout of 42.03%. Subsequent elections generally saw an upward trend, with the 1962 elections witnessing the highest turnout till then at 58.49%. This phenomenon was likely a reflection of the public's mood during the India-China conflict era. However, in the years that followed, the people of Lucknow perhaps became less engaged in political discourse, leading to a significant drop in voter turnout. As the then-mighty Congress became embroiled in bitter internal party politics in the era after Jawaharlal Nehru and Lal Bahadur Shastri, people also lost interest.

In the 1967 Lok Sabha polls, only 27.62% of Lucknow voters turned out to vote. However, in 1971, the turnout significantly rose to above 46%, fueled by nationalist zeal during the India-Pakistan tensions over East Pakistan (present-day Bangladesh).

The desire to overthrow the Indira Government in the first election in 1977 after the emergency was evident in the decent voter turnout of 53.62%. However, as people soon became disappointed by the Janata Party government that came to power, the next election in 1980 saw disillusioned voters choosing to abstain from voting. Lucknow Lok Sabha recorded just 37.63% voting.

Prime Minister Indira Gandhi's assassination in 1984 resulted in a marginal increase to 40.30% in Lucknow. In the election where there was virtually no opposition to Congress, the results were clear even before the polls. The 1989 election was probably the worst in terms of voter turnout in Lucknow. The city recorded its lowest-ever voting percentage at a mere 28.65%.

In the decades of the 90s when Hindutva politics and caste-based identity politics dominated the Hindi heartland of Uttar Pradesh, the polling percentage in the state capital remained close to 50%. However, it actually crossed the 50% mark only in 1996 when the charismatic Atal Bihari Vajpayee was pitched as a possible PM candidate. He went on to become the prime minister, but only for 13 days in his first stint.

The 1998 and 1999 elections also registered decent polling at 49.35% and 48.57%, respectively. A big reason was again Atal's candidature and the city's belief of having a prime minister as their MP.

By the time the 2004 Lok Sabha polls came, Lucknow's voters had probably again lost the zeal. As BJP's India Shining campaign failed to resonate, Atal's last contest saw a big dip in voter numbers compared to the 1999 polls. The trend of well less than 40% voter turnout witnessed in 2004 also continued in 2009, only to be lifted above 50% in 2014.

The challenge, therefore, is whether Lucknow can breach the never-achieved mark of 60% voter turnout this time around. Amidst hopes, the fear is that the city of Nawab does not dive down again, as often witnessed in the past. The less-than-previous turnout in the first two phases, coupled with rising temperatures and heatwaves, and considering that the polling day of May 20 is a Monday, which might extend the weekend for some, has raised concerns.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024



Bahraich DM Monica Rani flagging off the 'Run for Vote' race. HT

## 'RUN FOR VOTE' ORGANISED IN BAHRAICH

**BAHRAICH:** A 110-kilometer long 'Run for Vote' race was organised along the Indo-Nepal border area in Bahraich on Saturday. The race aimed to boost voter turnout in the upcoming parliamentary elections for the Bahraich and Kaiserganj Lok Sabha seats, scheduled for May 13 and May 20 respectively. General observer Anil Raj Rai and DM Monica Rani jointly flagged off the relay race in Rupaideha, while expenditure observer T Senthil Murugan and CDO R. Ramaiya flagged off the race in which youths participated.

## मोहनलालगंज सीट से 10 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज

लखनऊ। लोकसभा चुनाव व एक विधानसभा के उपचुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की शनिवार को जांच हुई। इसमें मोहनलालगंज सीट से 10 और लखनऊ पूर्वी विस सीट से दो नामांकन पत्र खारिज किए गए। इस तरह कुल 12 प्रत्याशियों के पर्चे जांच में विभिन्न कारणों से खारिज किए गए। लखनऊ लोकसभा सीट का ब्योरा सोमवार को जारी होगा।

पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में अब चार प्रत्याशी मैदान में हैं। डीएम डॉ. सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि प्रत्याशी सोमवार को दोपहर तीन बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। मोहनलालगंज से कुल 22 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा था। यहां भाजपा के कौशल किशोर का पर्चा वैध रहा। इससे उनके बेटे विकास के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया है। लखनऊ सीट से सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा का नामांकन भी सही पाया गया। इससे माना जा रहा है कि पार्टी के दूसरे प्रत्याशी डॉ. आशुतोष वर्मा सोमवार को नाम वापस ले लेंगे। हालांकि अंतिम निर्णय पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव करेंगे। लखनऊ सीट से प्रत्याशियों के पर्चे खारिज होने का आंकड़ा देर रात तक जारी नहीं किया गया था। (माई सिटी रिपोर्टर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# आज थम जाएगा तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए चुनाव प्रचार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार 5 मई को थम जाएगा। इस चरण में मैनपुरी, बदायूं, संभल, हाथरस, आगरा, आंवला, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, एटा और बरेली में 7 मई को मतदान होगा। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 5 मई को सायं 6 बजे से सभी 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी सभी गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा।

## तीसरे चरण में 100 प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में, सात मई को पड़ेंगे वोट

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बाहरी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की जानकारी में लाना सुनिश्चित करेंगे। रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदेय स्थलों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगाई है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

## 06 नामांकन में 4 सही

चेतना समाचार सेवा

लखनऊ। आर0ओ0/अपर नगर मजिस्ट्रेट सचिन वर्मा द्वारा बताया गया कि 173 लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन 2024 में आज सभी नामांकन दाखिल करने वाले आवेदकों के नामांकन प्रपत्रों की जांच व स्क्रूटनी की गई।

स्क्रूटनी के पश्चात आर0ओ0 द्वारा बताया गया कि कुल 06 नामांकन में से 04 नामांकन पत्र सही पाए गए। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी नाम वापस लेना चाहते है वह 06 मई 2024 को 3 बजे तक नाम वापस ले सकते है, इस समय अवधि के बाद कोई भी अभ्यर्थी नाम वापस नहीं ले पाएंगे।

समाचार पत्र का नाम ........ दै0 स्पष्ट आवाज, लखनऊ ........ दिनांक ........ 05 MAY 2024

## तीन मई तक 33 लाख रुपये और मादक पदार्थ जब्त

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में लगे आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसके तहत सक्रिय उड़नदस्ता, आबकारी, पुलिस टीम ने 03 मई तक 33857.73 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किया है। इसमें 3338.61 लाख रुपये नकद, 4815.04 लाख रुपये कीमत की शराब, 22343.31 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1167.71 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी है। वहीं, कार्रवाई के क्रम को जारी रखते हुए तीन मई को टीम ने 211.86 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की है। इसमें 26.20 लाख रुपये कैश, 47.68 लाख रुपये कीमत की 17961.07 लीटर शराब, 137.85 लाख रुपये कीमत की 89480.24 ग्राम ड्रग एवं 0.12 लाख रुपये कीमत की 06 अन्य सामग्री जब्त की गयी। प्रमुख जब्ती में जनपद सोनभद्र की ओबरा (अ0जा0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 76.84 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 3388 ग्राम ड्रग तथा जनपद सोनभद्र की राबर्ट्सगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 32 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 160 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

चेतना समाचार सेवा

लखनऊ। लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद में 20 मई, 2को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में 04.मई को नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नगरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुव किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-2 में गया प्रसाद धर्मशाला, न्यू मार्डेन स्कूल, नवयुग कन्या इण्टर कालेज, सेन्ट जूडियस, माधव कल्याण मंडल कालेज, रामलीला मैदान, कालेज आफ टीचर एजूकेशन, सेन्ट जेवियर्स पब्लिक स्कूल ई. ब्लाक, मुन्नी लाल धर्मशाला, एम.आई.एस. स्कूल राजाजीपुरम, रेड रोज स्कूल डी0 ब्लाक, जोन-3 में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस डिग्री कॉलेज पुरनियां सीतापुर रोड, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम निकट जगलाल पेट्रोल पम्प, सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर, जोन-4 पुलिस मार्डन स्कूल रिजर्व पुलिस लाईन, रेलवे मनोरंजन हॉल बादशाह नगर, यूनिवर्सल इंटर कालेज हरीनगर कसैला, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल विनीत खण्ड-6, रेडरोज स्कूल विराम खण्ड, केन्द्रीय विद्यालय विकास खण्ड, स्प्रिंग डेल स्कूल विराज खण्ड-2 शान्ति निकेतन इंटर कालेज चिनहट, प्राथमिक विद्यालय मल्हौर, प्राथमिक विद्यालय बाघामऊ, जोन-6 मे वार्ड सहादतगंज कस्तूरबा कन्या ईंटर कालेज इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायीं गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# चौथे चरण के में 41 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 130 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया जो अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रूखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, शहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव से चुनाव लड़ रहे है।

**36 प्रत्याशियों पर हैं आपराधिक मामले**

उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 130 में से 36 (28 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं इनमें से 23 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए गए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो भारतीय जनता पार्टी के 13 में से 4 (31 प्रतिशत), बहुजन समाज पार्टी के 13 में से 5 (38 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी के 11 में से 7 (64 प्रतिशत), कांग्रेस के 2 में से 2 (100 प्रतिशत), सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी 4 में से 1 (25 प्रतिशत), राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2 (67 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० आई नेक्स्ट लखनऊ........ दिनांक ....0 5 MAY 2024

# राहुल गांधी के नामांकन पर आपत्ति, बाद में खारिज

**LUCKNOW (4 MAY):** रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के नामांकन पर शनिवार को एक आपत्ति दाखिल होने से कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई. हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के बाद आपत्ति को निरस्त कर दिया. इसी सीट से प्रत्याशी रहे अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने आपत्ति दाखिल कर कहा कि राहुल के पास ब्रिटिश नागरिकता है और उन्हें एक मामले में दो वर्ष से ऊपर की सजा भी मिली है. इस आपत्ति पर प्रशासन ने राहुल के प्रस्तावक व अधिवक्ता को अपना पक्ष रखने का मौका दिया. इसके बाद राहुल के प्रस्तावक अजयपाल सिंह अधिवक्ता सुनील प्रताप सिंह व जितेंद्र सिंह के साथ नामांकन कक्ष पहुंचे. अजयपाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने सजा के आदेश पर रोक लगाई है और ब्रिटिश नागरिकता के संबंध में आपत्तिकर्ता कोई साक्ष्य नहीं दे सके, जिससे दोनों आपत्तियों को खारिज कर दिया गया.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम: दै० आई नेक्स्ट लखनऊ   दिनांक: 05 MAY 2024

# बूथ को जाने वाला कोई रास्ता

lucknow@inext.co.in



**LUCKNOW (4 May):** जिला निर्वाचन की ओर से शत प्रतिशत वोटिंग पर विशेष फोकस किया जा रहा है. इसके लिए कई बिंदुओं पर काम शुरू कर दिया गया है. इसके अंतर्गत ही पोलिंग बूथ कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में कवायद शुरू कर दी गई है. सभी पोलिंग बूथ से कनेक्ट होने वाले रास्तों की मैपिंग कराई जा रही है, जिससे अगर किसी रूट पर कोई गड़बड़ी है तो उसे तुरंत ठीक कराया जा सके.

## हर विधानसभा में कवायद

पोलिंग बूथ से कनेक्ट होने वाली रोड्स की मैपिंग का काम सभी विधानसभाओं में कराया जा रहा है. जिससे संबंधित विधानसभा के वोटर्स को राहत मिल सके और उन्हें पोलिंग बूथ तक पहुंचने में किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े. इसके साथ ही सभी पोलिंग बूथ में वोटर्स से जुड़ी सुविधाओं पर भी विशेष फोकस किया गया है और रेगुलर रूप से एक-एक सुविधा की मॉनीटरिंग की जा रही है.

## ग्रामीण एरियाज में टीमें एक्टिव



शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण एरिया में टीमें ज्यादा एक्टिव हैं, जो पोलिंग बूथ कनेक्टिविटी की रिपोर्ट तैयार कर रही हैं. अगर किसी पोलिंग बूथ के आसपास खुला ट्रांसफॉर्मर है या खुला नाला इत्यादि है तो उसे कवर कराया जा रहा है. जिससे वोटर्स को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े.

## ताकि सभी कार्मिक सेफ रहें

भीषण गर्मी को देखते हुए चुनाव कार्मिकों की बेहतर हेल्थ को लेकर भी कई कदम उठाए जा रहे हैं. एक तरफ को प्लान बनाया गया है, वही दूसरी तरफ, पोलिंग बूथों पर भी पेयजल इत्यादि के इंतजाम रहेंगे. इसके साथ ही कूलर-पंखे की भी व्यवस्था रहेगी. इसके साथ ही सभी पोलिंग बूथों पर चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी, जो आपात परिस्थितियों में तुरंत एक्टिव होगी.

## पर्ची के लिए परेशान न हों

बीएलओ की ओर से खुद घर-घर जाकर वोटर पर्ची पहुंचा दी जाएगी. अगर किसी वोटर के पास वोटर पर्ची नही पहुंचती है तो वे टोल फ्री नंबर या फिर वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से कंपलेन कर सकता है. वोटर की कंपलेन का तत्काल निस्तारण कराया जाएगा.

## सक्षम एप पर खास नजर

सक्षम एप के माध्यम से आने वाले आवेदनों पर खास नजर रखी जा रही है. जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी एप के माध्यम से आने वाले आवेदनों की अलग से रिपोर्ट बनवाएं. जिससे पोलिंग बूथ पर दिव्यांगजनों और सीनियर सिटीजंस को कोई समस्या न हो. वही, अगर उन्हें पोलिंग बूथ पर ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा चाहिए तो उन्हें तुरंत मिल सके.



संक्षिप्त आवाज

## आज थम जाएगा दस निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 05 मई,को सायं 06 बजे से सभी 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज एक्टिविस्ट, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# चौथे चरण में यूपी के 130 उम्मीदवारों में 28 फीसदी पर आपराधिक मुकदमे


## सपा की अनु टंडन सबसे अमीर प्रत्याशी, कानपुर के कांग्रेस प्रत्याशी पर सबसे अधिक 5 मुकदमे, 28 फीसद उम्मीदवार इंटर पास

डेली न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। यूपी में चौथे चरण में चुनाव लड़ने वाले 41 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। उनमें से 23 फीसद उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भाजपा के 13 में से 4 यानी 31 फीसद, बहुजन समाज

- उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में यह जानकारी आई सामने

पार्टी के 13 में से 5 यानी 38 फीसद सपा के 11 में से 7 यानी 64 फीसद, कांग्रेस के 2 में से 2 यानी 100 फीसद, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी 4 में से 1 यानी 25 फीसद, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2 यानी 67 फीसद नेता शामिल हैं। इस तरह कुल 130 में से 36 यानी 28 फीसद उम्मीदवारों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आई है। दरअसल एडीआर ने चौथे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 130 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया। जो अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव से चुनाव लड़ रहे हैं। इनके शपथ पत्रों की विश्लेषण में इसका पता चला है। एडीआर ने चौथे चरण के 130 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण करने के बाद शनिवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है। एडीआर ने चौथे चरण के 130 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण करने के बाद आज अपनी रिपोर्ट जारी की है।




उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 130 में से 36 यानी 28 फीसद उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं इनमें से 23 फीसद उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए गए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो भाजपा के 13 में से 4, 31 फीसद, बसपा के 13 में से 5, 38 फीसद, सपा के 11 में से 7, 64 फीसद, कांग्रेस के 2 में से 2, 100 फीसद, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी 4 में से 1, 25 फीसद, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2, 67 फीसद उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में भाजपा के 31 फीसद, बसपा के 38 फीसद, सपा के 36 फीसद, कांग्रेस के 100 फीसद, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के 25 फीसद, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 33 फीसद उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

कानपुर से कांग्रेस से आलोक मिश्रा चुनाव लड़ रहे हैं उनके ऊपर 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में देवेंद्र सिंह अलियास हैं। जो अकबरपुर से भाजपा उम्मीदवार है। इनके ऊपर 13 आपराधिक मामले दर्ज है। वही तीसरे नंबर पर श्याम किशोर अवस्थी जो बसपा से धौराहरा के उम्मीदवार है जिनके ऊपर 4 आपराधिक मुकदमा दर्ज है। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया की हम करोड़पति उम्मीदवारों की बात करे तो 130 में से 53 यानी 41 फीसद उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिसमें भाजपा के 13 में से 13 100 फीसद, बहुजन समाज पार्टी के 13 में से 10, 77 फीसद, समाजवादी पार्टी के 11 में से 10, 91 फीसद, कांग्रेस के 2 में से 2, 100 फीसद उम्मीदवार करोड़पति हैं। चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.54 करोड़ है। मुख्य दलों में भाजपा के 13 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 9 करोड़ है। बसपा के 13 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.67 करोड़ है सपा के 11 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 16.71 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 19 करोड़ है। चौथे चरण के प्रत्याशियों में उन्नाव से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही अनु टंडन हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 79 करोड़ के आसपास है। इसी तरह से अखिलेश यादव, कन्नौज से सपा के टिकट पर चुनाव लड रहे हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमृत विचार लखनऊ ............ दिनांक 05 MAY 2024

## चुनाव को लेकर पेंशनरों की बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, लखनऊ मंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जोनल एवं जनपदों के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन रविवार प्रात: 11 बजे एलडीए स्थित सीएमएस स्कूल गेट न.1 के सामने पार्क में स्थित मन्दिर हाल में किया गया है। बैठक में लोकसभा चुनाव में पेंशनर्स के हितों एवं लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी लखनऊ मंडल सचिव अशोक बाजपेयी ने दी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

05 MAY 2024

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक

## हटायी गई एक करोड़ से अधिक प्रचार सामग्री

लखनऊ, 04 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। इसी के तहत अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,38,23,452 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 84,76,246 एवं निजी स्थानों से 53,47,206 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,38,739, पोस्टर के 38,91,595, बैनर के 23,75,559 एवं अन्य 12,70,353 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,37,507, पोस्टर के 24,70,912 बैनर के 13,33,948 एवं अन्य 8,04,839 मामलों में कार्यवाही की गयी। वहीं, अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1279 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्रवाई की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 112 एफआईआर दर्ज, छह एनसीआर सहित कुल 118 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ ........ दिनांक 0 5 MAY 2024

# निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण

भास्कर ब्यूरो

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डा0 एन0 युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 150 माइक्रो आब्जर्वर लगाए गए हैं जिन्हें आज प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया, माकपोल, ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें, भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है इस हेतु आप सभी कुशलतापूर्वक सौंपी गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ..... दै० आज लखनऊ ..... दिनांक ..... 05 MAY 2024

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मिली मतदान की सुविधा


**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांगजन मतदाताओं को वैकल्पिक सुविधा के रूप में पोस्टल बैलट से मतदान कराने की सुविधा प्रदान की गयी है। जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांगजन मतदाताओं के मतदान हेतु 04 व 05 मई 2024 की तिथियाँ निर्धारित की गयी है। ऐसे मतदाता जो किन्हीं कारणों से 04 मई को मतदान नहीं कर पायेंगे उन्हें 05 मई 2024 को दोबारा मतदान का अवसर मिलेगा। जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार यदि बुजुर्ग व दिव्यांजन मतदाताओं की बात की जाय तो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा में 80 वर्ष से अधिक आयु के 21 व दिव्यांगजन कटेगरी के 15 कुल 36 मतदाता चिन्हित हैं। इसी प्रकार नानपारा में 18 बुजुर्ग व दिव्यांग 17 कुल 35, मटेरा में 09 बुजुर्ग व दिव्यांग 08 कुल 17, महसी में 17 बुजुर्ग व दिव्यांग 08 कुल 25, बहराइच में 18 बुजुर्ग व दिव्यांग 13 कुल 31 इस प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ0जा0) बहराइच में कुल 144 मतदाता जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 83 व दिव्यांगजन कैटेगरी के 61 मतदाता है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा व नानपारा के लिए 03-03 तथा मटेरा, महसी व बहराइच के लिए 02-02 टीमें बनाई गई हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अ0जा0) बहराइच में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 83 व दिव्यांगजन कैटेगरी के 61 कुल 144 मतदाताओं के लिए गठित की गई 12 पोलिंग पार्टियों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी पोस्टल बैलेट राकेश कुमार मौर्या, एसडीएम/सहायक रिटर्निंग आफिसर प्रिंस वर्मा, अखिलेश कुमार सिंह, अश्वनी पाण्डेय, राम दयाल व संजय कुमार, एआरटीओ ओ.पी. सिंह, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच में बुजुर्ग व दिव्यांगजन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप बैलैट मतपत्र की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी स्तर के 02 मतदान कार्मिक तथा 01 माइक्रोआब्जर्वर, वीडियोग्राफर तथा मानक के अनुरूप सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

- 07 से 14 मई तक होगा नामांकन

भास्कर ब्यूरो

**चन्दौली।** जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त0रा0)/ उप जिलानिर्वाचन अधिकारी अभय कुमार पांडेय, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संपूर्ण नामांकन प्रक्रिया के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, जुलूस, सभाएं, रैली सहित भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुपालन में



विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर, उन सभी से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों/पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियां साझा की जानी चाहिए। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेंगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन जैसे-पम्पलेट, पोस्टर छपवाने, चुनाव प्रचार करने, उम्मीदवार की ओर से किए जाने वाले व्यय आदि के सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन से पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने चुनाव आयोग की ओर से ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के बारे में सभी पार्टी पदाधिकारियों को बताया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र का कोई भी कालम खाली नहीं छोड़ता है सूचना शुन्य होने की स्थिति में नील लिखना है। नामांकन कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के न्यायालय कक्ष में होगा। नामांकन के दौरान नामांकन कक्ष में 5से अधिक व्यक्ति का अंदर प्रवेश नहीं रहेगा। नामांकन में एससी-एसटी के लिए 12500 एवं अन्य के लिए 25000 धनराशि लगेगी। नामांकन से पूर्व सभी उम्मीदवार का नया बैंक खाता अवश्य खुला होना चाहिए। नामांकन के समय 2.25 सेंटी मीटर की वाईट बैकग्राउंड के साथ 10फोटोग्राफ्स लाना आवश्यक है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...दै० दैनिक भास्कर, लखनऊ............... दिनांक 05 MAY 2024

# जिलाधिकारी की अगुवाई में निकली मतदाता जागरूकता रैली

## नगर के बावली चौक से सुभाष चौक तक विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली

भास्कर ब्यूरो

**पडरौना, कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कुशीनगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एक वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नगर के बावली चौक से सुभाष चौक तक किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में एवं नोडल स्वीप अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदीकी उपस्थिति में संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी पंक्तियों को गुब्बारे के साथ आसमान में विमुक्त किया गया। इसके पश्चात परिवहन निगम की बसों, ई रिक्शा एवं नगर पालिका के समस्त वाहनों पर जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा 1 जून को मतदान



करने के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा कॉलेज/ स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा रैली के साथ पथ संचलन करते हुए पहले मतदान, फिर जलपान तथा 1 जून को करें मतदान बढ़ाएं, कुशीनगर की शान तथा अन्य स्लोगन के साथ-साथ जन जागरूकता का संदेश देते हुए सुभाष चौक तक आए। रास्ते में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा भी जागरूकता संदेश लिखी तख्तियों के साथ प्रतिभाग किया गया। छात्र छात्राओं सहित अधिकारियों द्वारा रैली में मतदाता गणों को मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया गया।सुभाष चौक पर हनुमान इंटर कॉलेज की छात्राओ द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में 1 जून को वोट देने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ साथ सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में हनुमान इंटर कालेज और उदित नारायण इंटर कालेज के स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट अपने बैंड के साथ उपस्थित थे।यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुभाष चौक पर संपन्न हुई।रैली सह कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहम्मद अजीम, खंड विकास अधिकारी पडरौना सुशील अग्रहरी, खंड विकास अधिकारी विशुनपुरा सुशील सिंह, जिला सचिव स्काउट गाइड एवम प्रधानाचार्य हनुमान इंटर कालेज शैलेंद्र दत्त शुक्ला, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र, जिला स्काउट मास्टर नीरज बंका, प्रधानाचार्य उदित नारायण इंटर कालेज अरविंद सिंह, राजीव यादव, अजय सिंह, मृगेंद्र राव, विशाल सव आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

## डीएम ने मतदान, मतगणना शराब, मदिरा, बीयर आदि दुकानें बंद रखने के दिये निर्देश

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना दिवस को मद्य निषेध दिवस घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के क्रम में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अनुपालन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ग के खण्ड एक में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये है कि चतुर्थ चरण के मतदान में जनपद उन्नाव की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 11 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 13 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक जनपद की समस्त आबकारी अनुज्ञापनों यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापनों एवं भांग को शुष्क, मद्य निषेध दिवस घोषित करने एवं शासकीय अधिसूचना द्वारा मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार पंचम चरण के मतदान में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 20 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं षष्टम चरण के मतदान में जनपद प्रतापगढ़ की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद के समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेंगी। इसी प्रकार 04 जून 2024 को मतगणना दिवस में जनपद की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इन अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उपरोक्त बन्दी हेतु कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि आदेश का कढ़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० आई नेक्स्ट लखनऊ.... दिनांक 05 MAY 2024

# मोहनलालगंज सीट पर दस नामांकन खारिज

LUCKNOW (4 MAY): मोहनलालगंज लोकसभा सीट के लिए दाखिल हुए 22 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद केवल 12 पर्चे ही सही पाए गए हैं. जांच के बाद दस नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया. रिटर्निंग आफीसर सौरभ जैन ने मोहनलालगंज लोकसभा सीट के नामांकन पत्रों की जांच की तो कई प्रत्याशियों के फार्म अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण पाए गए. कई प्रत्याशियों का तो पूरा फार्म ही नहीं भरा पाया गया.

## अभी चल रही है जांच

वहीं, लखनऊ लोकसभा सीट के लिए दाखिल 41 नामांकन पत्रों की जांच जारी है. जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के मुताबिक लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा का नामांकन पत्र सही पाया गया है. शेष नामांकन पत्रों की जांच जारी है. छह मई तक नाम वापस लिया जा सकता है. गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी की ओर से रविदास मेहरोत्रा के अलावा डा. आशुतोष वर्मा ने भी वैकल्पिक प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया था. अब जबकि रविदास मेहरोत्रा का नामांकन सही पाया गया है तो वह ही सपा के प्रत्याशी होंगे.

### पूर्वी विस सीट के लिए उपचुनाव में दो पर्चे खारिज

लोकसभा के साथ ही पूर्व विस सीट के लिए उपचुनाव में कुल छह प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए थे, जिसमें से दो खारिज कर दिए गए हैं. रिटर्निंग आफीसर सचिन वर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र अपूर्ण मिलने पर पर्चे खारिज किए गए. अब केवल चार प्रत्याशी ही शेष हैं.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै0 स्पष्ट आवाज, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........................................................................ दिनांक 05 MAY 2024

# 11 से 13 मई तक व मतगणना पर बन्द रहेंगी मदिरा की दुकानें : डीएम

**● डीएम ने मतदान, मतगणना स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए शराब, मदिरा, बीयर आदि दुकानें बंद रखने के दिये निर्देश**

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज)जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान एवं मतगणना दिवस को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (Dry Day) घोषित किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग के क्रम में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, लखनऊ एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अनुपालन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित प्राविधान के अनुसार स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये हैं कि चतुर्थ चरण के मतदान में जनपद उन्नाव की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 11 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 13 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापनों यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0-7. एफ0एल0-9/9 ए एफ0एल0-16/17 एवं एफ0एल0-49 की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सी0एल0-2. एफ0एल0-2/2बी एवं भांग को शुष्क/मद्य निषेध दिवस (छ्ह4 छ्डु4) घोषित करने एवं शासकीय अधिसूचना द्वारा मादक वस्तुओं को कब्जे में रखे जाने की सीमा नियंत्रित रखे जाने का निर्देश दिये हैं।

इसी प्रकार पंचम चरण के मतदान में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी 18 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे से 20 मई 2024 के सांयकाल 06:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक एवं षष्ठम चरण के मतदान में जनपद प्रतापगढ़ की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा से 08 किमी0 की परिधि में जनपद रायबरेली के समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेंगी। इसी प्रकार 04 जून 2024 को मतगणना दिवस में जनपद रायबरेली की समस्त आबकारी अनुज्ञापन की बंदी रहेगी।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इन अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की मात्रा का न तो संचय करेगा, न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। उपरोक्त बन्दी हेतु कोई भी प्रतिफल अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज, लखनऊ दिनांक 0 5 MAY 2024

# चौथे चरण में 41 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

**• शून्य संपत्ति वाले भी आजमा रहे हैं अपनी किस्मत**

संवाददाता



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव-24 के चौथे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 130 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया जो अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी मिश्रिख शहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव से चुनाव लड़ रहे है। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 130 में से 36 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं इनमें से 23 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए गए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो भारतीय जनता पार्टी के 13 में से 4, बहुजन समाज पार्टी के 13 में से 5, समाजवादी पार्टी के 11 में से 7, कांग्रेस के 2 में से 2 , सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी 4 में से 1, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। आपराधिक मामलों में आलोक मिश्रा जो कानपुर से कांग्रेस चुनाव लड़ रहे है उन पर 5 आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में देवेंद्र सिंह अलियास हैं जो अकबरपुर से भाजपा उम्मीदवार है इनके ऊपर 13 आपराधिक मामले दर्ज है वही तीसरे नंबर पर श्याम किशोर अवस्थी जो बसपा से धौराहरा के उम्मीदवार है जिनके ऊपर 4 आपराधिक मामले पंजीकृत है। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि हम करोडपति उम्मीदवारों की बात करे तो 130 में से 53 यानी 41 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिसमे भाजपा के 13 में से 13, बसपा के 13 में से 10, सपा के 11 में से 10, कांग्रेस के 2 में से 2 उम्मीदवार करोड़पति हैं। उप्र लोकसभा चुनाव 24 के चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3 .54 करोड़ है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रत्याशियों में उन्नाव से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही अन्नु टंडन हैं जिनकी संपत्ति 79 करोड़ के आस-पास है। अखिलेश यादव कन्नौज से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 42 करोड़ है। कानपुर लोकसभा सीट से आलोक मिश्रा, कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 35 करोड हैं। खीरी निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी की एक उम्मीदवार कुमारी पंचशिला आनंद ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की हैं वही 4 उम्मीदवारो ने अपना पैन घोषित नहीं किया हैं।

लोकसभा चुनाव-24 के चौथे चरण में 130 में से 37 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है. जबकि 85 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की हैं। 1 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। 5 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 2 उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। आयु की बात करे तो 130 में से 46 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 64 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। 20 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। यूपी लोकसभा चुनाव-24 के चौथे चरण में 16 महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही है। मुख्य संयोजक यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने कहा कि सभी दल महिलाओं को टिकट देने में कंजूसी कर रहे हैं। अब तक के चार चरणों में महिलाओं को टिकट देने में पार्टियों ने रुची नहीं दिखाई है। इससे यह प्रतीत होता है कि जब भारत की संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास हो गया है ऐसी परिस्थिति में इतने कम टिकटों को देकर राजनैतिक दलों में कहीं न कहीं महिलाओं के प्रति उदासीनता दिखाई देती है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ ........................ दिनांक 05 MAY 2024

# डीएम ने ईवीएम व वीवी पैट के कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, 04 मई (तरूणमित्र)। लोकसभा सामान्य 2024 तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जीएफ कॉलेज पहुंचकर ईवीएम एवं वीवी पैट के कमीशनिंग कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

गांधी फैज-ए-आम कालेज में लोकसभा निर्वाचन 2024 तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन अंतर्गत आगामी 13 मई को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य किया जा रहा है। कक्षवार जिला निर्वाचन अधिकारी ने कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों से कमीशनिंग कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० जन संदेश टाइम्स, लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# प्रेक्षक ने ईवीएम वेयरहाउस, मतगणना स्थल और मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

जन संदेश टाइम्स ब्यूरो
कानपुर देहात।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शातिपूर्ण,सकुशल,पारदर्शपूर्ण रूप में संपन्न कराए जाने हेतु लोकसभा कन्नौज सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार की अध्यक्षता व जिलाधिकारी आलोक सिंह की उपस्थिति में मतदान दिवस की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई।

बैठक में प्रेक्षक ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों के अनुरूप अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सामान्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था,स्वीप गतिविधि, एफ एस टी,



एस एस टी टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही के सबंध मे भी जानकारी ली। उन्होंने कहा लोकसभा कन्नौज के लिए विधानसभा रसूलाबाद में 13 मई को मतदान होगा,जिसके लिए सभी तैयारी शीघ्र पूर्ण कर ली जाएं उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सपूर्ण तैयारी के संबंध में नियमित समीक्षा कर अवगत कराने के लिए निर्देश दिए।

इसके बाद प्रेक्षक द्वारा ईवीएम वेयरहाउस, मतगणना स्थल, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण व पोस्टल वैलेट सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बी बी जी टी एस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता,जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी रसूलाबाद नीलिमा यादव,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडे, डी डी एजी रामबचन राम,समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा शंकर,जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला आबकारी अधिकारी,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमृत विचार लखनऊ दिनांक 05 MAY 2024

# 53 प्रत्याशी करोड़पति, सपा की अन्नु टंडन सबसे अमीर

## चौथा चरण : भाजपा के सभी प्रत्याशी करोड़पति, लखीमपुर खीरी में शून्य संपत्ति वाले प्रत्याशी भी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 18वीं लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 130 उम्मीदवारों में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, खास बात है कि भाजपा के सभी 13 प्रत्याशी करोड़पति हैं, मगर सबसे ज्यादा धनवान 79 करोड़ की संपत्ति की मालकिन सपा की अन्नु टंडन है। वहीं इन करोड़पतियों के सामने खीरी में एक निर्धन महिला प्रत्याशी मुकाबला कर रही है। उप्र.इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.54 करोड़ है।

**▸▸ कुल 130 प्रत्याशी मैदान में 36 पर आपराधिक मुकदमे**



अन्नु टंडन

एडीआर के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया की 13 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में 41 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति हैं। जिसमें भाजपा के अलावा कांग्रेस के भी सभी यानी 100 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं, इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा बसपा के 13 प्रत्याशियों में 10 करोड़पति हैं और सपा के 11 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि उन्नाव से सपा प्रत्याशी अन्नु टंडन के बाद कन्नौज प्रत्याशी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संपत्ति 42 करोड़ है। वहीं, कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के पास संपत्ति लगभग 35 करोड़ के आसपास है। इसके अलावा खीरी में उप्र.रिपब्लिकन पार्टी की प्रत्याशी कुमारी पंचशिला आनंद के पास संपत्ति शून्य है।

### 17 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले

एडीआर के संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि 130 उम्मीदवारों में से भाजपा के चार, बसपा के पांच, सपा के सात और कांग्रेस के दो, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से एक, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के दो कुल 36 उम्मीदवारों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 17 प्रत्याशी गंभीर धाराओं में आरोपित हैं। कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा पर पांच आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरे नम्बर पर भाजपा में अकबरपुर सीट के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह अलियास के ऊपर 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं तीसरे नंबर पर श्याम किशोर अवस्थी जो बसपा से धौराहरा के उम्मीदवार हैं, पर 4 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।

### 85 प्रत्याशी उच्च शिक्षित और दो असाक्षर प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

चौथे चरण में 130 में से 85 प्रत्याशी स्नातक और इससे ज्यादा, उच्च शिक्षित हैं। जबकि 37 उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच तक शिक्षित हैं !एक प्रत्याशी डिप्लोमा धारक है, वहीं पांच साक्षर हैं तो दो प्रत्याशी असाक्षर भी हैं।

### मात्र 16 महिला उम्मीदवार

चौथे चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रूखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, शहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव में मतदान होना है। इसमें लड़ रहे 130 प्रत्याशियों में मात्र 16 महिला उम्मीदवार हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ ........ दिनांक ........ 05 MAY 2024

# सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु अब तक कुल 13 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



सुल्तानपुर (स्वतंत्र चेतना)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये समाजवादी पार्टी से रामभुआल निषाद पुत्र जगदीश द्वारा 02 सेट, राष्ट्रीय डेमोक्रिटिक फ्रंट से शशांक कुमार मिश्रा पुत्र अशोक द्वारा 02 सेट, विश्व बंधुत्व पार्टी से सुधीर कुमार सिंह पुत्र बब्बन सिंह द्वारा 01 सेट, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज अफ इण्डिया से ड0 शिव शंकर इण्डियन पुत्र पवन कुमार द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी में पूनम पत्नी स्व0 रमेश द्वारा 01 सेट में नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसरधजिला निर्वाचन अधिकारी तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया। इस प्रकार नामांकन के छठवें दिन तक कुल-13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के छठवें दिन नामांकन कक्ष से 03 निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा 03 नामांकन पत्र क्रय किया गया, जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी बृजेश कुमार यादव सुत राम किशोर यादव द्वारा 01 सेट, ब्रंहदेव चतुर्वेदी सुत उमाशंकर चतुर्वेदी द्वारा 01 सेट तथा उदयराज वर्मा सुत रामसहाय द्वारा 01 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। इस प्रकार नामांकन के छठवें दिन तक कुल-35 राजनैतिकधौर राजनैतिक दलों द्वारा कुल-59 नामांकन पत्र क्रय किये गये हैं।